हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

11 अग्रोहा धाम में 25 को 43वां वार्षिक मेला हर...



11 दिवेश व काफी को किला बेस्ट एथलीट का खिताब



खबर संक्षेप

ढाबे पर 121 लीटर पेट्रोल बरामद, दो गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत अग्रोहा में बिना लाइसेंस पेट्रोल का भंडारण कर बेचने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरवाला रोड स्थित सेठ जी दा ढाबा से दो ड्रमों में रखा करीब 121 लीटर पेट्रोल कब्जे में लिया है। अग्रोहा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस को मिली सूचना के आधार पर बरवाला रोड स्थित सेठ जी दा ढाबा पर दबिश दी गई। जांच के दौरान मौके पर दो ड्रमों में पेट्रोल मिला। इनमें एक ड्रम में करीब 83 लीटर और दूसरे ड्रम में लगभग 38 लीटर पेट्रोल पाया गया। पुलिस ने बिना लाइसेंस पेट्रोल के अवैध रूप से भंडारण और बिक्री करने के आरोप में सिद्धमुख निवासी मुकेश कुमार व दुर्जनपुर निवासी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया है।

आंबेडकर बस्ती में महिला हेरोइन सहित गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आंबेडकर बस्ती से एक महिला को 6 ग्राम 320 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पड़ाव चौकी पुलिस ने यह कार्रवाई की। पड़ाव चौकी के उप निरीक्षक सूरजमल ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ अम्बेडकर बस्ती में नशे से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त और अपराध जांच कर रहे थे। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महिला पुलिसकर्मी की सहायता से आंबेडकर बस्ती निवसी सुमन को काबू किया। तलाशी लेने पर महिला के कब्जे से 6 ग्राम 320 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने नशीले पदार्थ को जब्त कर आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पीरांवाली में हेरोइन के साथ एक आरोपी काबू

हिसार। सीआइए की टीम ने गांव पीरांवाली से एक आरोपी को 12 ग्राम 120 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब 61 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ पहले भी मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 8 मामले दर्ज हैं। सीआईए उप निरीक्षक इन्द्र सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ पीरांवाली क्षेत्र में नशे से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त एवं अपराध जांच कर रहे थे। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अन्य कर्मचारियों की सहायता से गांव निवासी जगीर सिंह को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 12 ग्राम 120 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 61 हजार रुपये है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी इसी अधिनियम के तहत 8 मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

दुकान से तारों के बंडल चुराने का आरोपी पकड़ा

हिसार। उकलाना में बिजली के सामान की दुकान से तारों के बंडल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी साहू निवासी रविन्द्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी द्वारा चोरी के बंडल बेचकर प्राप्त की गई राशि भी बरामद कर ली है। उकलाना थाना प्रभारी पीएसआई कुलदीप ने बताया कि पारता निवासी अमित ने शिकायत दी थी कि उकलाना में उसकी बिजली के सामान की दुकान है। रविन्द्र बिजली का मैकेनिक है और पिछले करीब छह महीने से उसकी दुकान पर आता था। इसी दौरान दुकान से बिजली की तारें और अन्य सामान चोरी किया। शिकायत के अनुसार, दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपी चोरी करता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी रविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी के तारों के बंडल बेचकर प्राप्त की गई राशि भी बरामद की है।









हिसार। विद्युत सदन के सामने विरोध जताते और पावर हाउस पर धरना देते बिजली समस्या से परेशान लोग। हांसी। बिजली कर्मियों की हड़ताल के दौरान पावर स्टेशन का निरीक्षण करते डीसी राहुल नरवाल व उनके साथ हैं एसपी विनोद कुमार।

बिजली-पानी के लिए हाहाकार, सड़कों पर उतरे लोग

विद्युत सदन पर हंगामा किया और डाबड़ा चौक पर लगाया जाम, सेक्टर-13 पावर हाउस पर गुस्साए लोगों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा की हड़ताल के दूसरे दिन जिले में हालात बेहद गंभीर हो गए हैं। शहर से लेकर गांवों तक गहराए बिजली संकट ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार बिजली गुल रहने के कारण शुक्रवार सुबह पीने के पानी की सप्लाई भी नहीं आई। इसके साथ ही लोगों के घरों में रखे इनवर्टर तक जवाब दे गए। बिजली और पानी की दोहरी किल्लत से त्रस्त होकर गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए।

शहर के तकनीकी हालातों की बात करें तो सेक्टर-13, सेक्टर 16-17, विद्युत नगर, मॉडल टाउन, सेक्टर 9-11, टाउन एंक्लेव और अर्बन एस्टेट में बीती रात से सप्लाई पूरी तरह ठप रही। यह समस्या तब और बढ़ गई जब अर्बन एस्टेट के 11 केवी फीडर में ब्रेकडाउन के बाद विद्युत नगर 33 केवी सबस्टेशन से सप्लाई शुरू करने का प्रयास किया गया, लेकिन वहां ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया। इसी तकनीकी खराबी के चलते 11 केवी लाइनें बंद हो गईं और शहर के एक बड़े हिस्से में अंधेरा छा गया। शुक्रवार सुबह भारी संख्या में आक्रोशित लोग विद्युत सदन पहुंचे और कर्मचारियों की हड़ताल का विरोध जताया। इस दौरान हड़ताल कर रहे कर्मचारियों और परेशान जनता के बीच तीखी नोकझोक और धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को समय रहते संभाल लिया।



जेनरेटर ठीक करवा शुरू कराई पेयजल सप्लाई

बिजली बहाल नहीं होने के कारण महावीर कॉलोनी में जलघर से शुक्रवार की सुबह पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की जानकारी मिलने पर चौकी 12 क्वार्टर प्रभारी ने समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। चौकी प्रभारी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर वाटर वर्क्स में रखे जेनरेटर को ठीक करवाया। इसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल हुई और पानी एकत्रित होने पर कॉलोनी में पेयजल सप्लाई शुरू कर दी गई।



मेयर ने जांची व्यवस्था

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मेयर प्रवीण पोपली ने राजगढ़ रोड स्थित बिजली घर का दौरा कर उपलब्ध संसाधनों, कर्मचारियों की स्थिति और बिजली आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौजूदा हालात की जानकारी लेते हुए हड़ताल के दौरान बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। मेयर ने निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। साथ ही, किसी भी तकनीकी खराबी की स्थिति में उसे जल्द दूर करने के लिए आवश्यक संसाधन और वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखी जाए।

कई क्षेत्रों में बना रहा 'ब्लैक आउट'

बिजली आपूर्ति न होने से गुस्साई भीड़ और डाबड़ा चौक क्षेत्र के दुकानदारों ने आक्रोशित होकर डाबड़ा चौक ओवरब्रिज पर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। उधर, स्थिति से दुखी होकर सेक्टर 16-17, सेक्टर-13 और अर्बन एस्टेट के लोगों ने शुक्रवार शाम को सेक्टर-13 पावर हाउस के सामने धरना शुरू कर दिया। आजाद नगर, सेक्टर 9-11, कैमरी रोड, मिलगेट, सिटी एरिया, बीएसएफ और तलवंडी फीडर पूरी तरह बंद रहने के कारण इन क्षेत्रों की दर्जनों कॉलोनियों में ब्लैक आउट की स्थिति बनी रही। हालांकि, टेलीफोन एक्सचेंज, डोगरान मोहल्ला और परिजात चौक फीडर चालू रहने से वहां के लोगों को कुछ राहत जरूर मिली।

जनता के साथ भेदभाव क्यों?

स्थिति का जायजा लेने और जनता की आवाज बुलंद करने के लिए नगर पार्षद संजय डालमिया शुक्रवार को प्रभावित लोगों के साथ विद्युत सदन के मुख्य द्वार पर पहुंचे। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि हमारे आम नागरिकों के घरों में बिजली नहीं है, लेकिन विद्युत नगर की कर्मचारी कॉलोनी में बिजली की निर्बाध आपूर्ति कैसे हो रही है? अगर हड़ताल है, तो बिजली सभी की कटनी चाहिए। यह दोहरा रवैया और भेदभाव आखिर क्यों? संजय डालमिया ने आगे कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन का असर सिर्फ और सिर्फ आम जनता पर पड़ रहा है। हड़ताल करने वालों के घरों में बिजली चालू है और जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो विरोध और तेज होगा। बिजली कर्मचारियों की प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल को देखते हुए पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। बिजली आपूर्ति से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा और जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। पुलिस ने जिले के विभिन्न पावर हाउसों और महत्वपूर्ण बिजली प्रतिष्ठानों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है। तैनात कर्मचारियों को निर्धारित स्थानों पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने और किसी भी अप्रिय स्थिति की आशंका होने पर तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मॉडल टाउन व दयाल सिंह कॉलोनी में जांची सुरक्षा

हांसी। बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल के मद्देनजर जिला प्रशासन और हांसी पुलिस अलर्ट मोड पर हैं। बिजली आपूर्ति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पावर हाउसों सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इसी कड़ी में उपायुक्त राहुल नरवाल और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मॉडल टाउन और दयाल सिंह कॉलोनी स्थित पावर हाउसों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एसपी विनोद कुमार ने पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

नारनौंद क्षेत्र में पशु चारे का भी हुआ संकट

नारनौंद। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नारनौंद क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। हड़ताल के कारण नारनौंद के गांव राजथल, कागसर, राजपुरा, माजरा और राखीगढ़ी सहित पूरे क्षेत्र में बिजली गुल है। बिजली न होने से पेयजल और पशुओं के लिए चारे-पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सुबह से ही लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। कई जगहों पर निजी टैंकरों व प्रबंधों के जरिए पानी की आपूर्ति की गई, जहाँ ग्रामीण लंबी लाइनों में लगकर अपने घरों तक पानी ले जाने को मजबूर दिखे। ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में चल रहे 'राखीगढ़ी महोत्सव' के दौरान भी बिजली गुल रहने पर जनरेटर के जरिए वैकल्पिक प्रबंध करना पड़ा।

आदमपुर एरिया में बिजली आपूर्ति बहाल

आदमपुर। आदमपुर थाना प्रभारी ने बिजली निगम के एसडीओ के साथ समन्वय स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल करवाई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पुलिस आमजन की सुविधा, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। इसी के तहत थाना प्रबंधक एसआई हरीश कुमार ने बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर संबंधित विभाग के अधिकारी से संपर्क किया और सप्लाई बहाल करवाने के लिए आवश्यक प्रयास किए। पुलिस और बिजली विभाग के बीच आपसी समन्वय के परिणामस्वरूप थाना आदमपुर सहित साथ लगते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू हो गई। बता दें कि हड़ताल के चलते गुरुवार को आदमपुर एरिया में तकरीबन गांव व शहर में बिजली आपूर्ति ठप रही थी।

सिवानी फीडर नहर में मिला युवक का शव, पहचान नहीं

- कानों में कुंडल मिलने से नाथ संप्रदाय से जुड़े होने की आशंका
- फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, 72 घंटे तक शिनाख्त के लिए रखा जाएगा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भिवानी और तोशाम रोड़ स्थित सिवानी फीडर के बीच में शुक्रवार सुबह नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नहर में शव को तैरता देखकर एक राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

इसके बाद बस स्टैंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और रस्सी की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। शव की हालत खराब होने के कारण उसके दो से तीन दिन तक पानी में पड़े रहने की आशंका है। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम भी मौके पर पहुंची और जरूरी साक्ष्य जुटाए, ताकि मामले की जांच में मदद मिल सके।

कानों में मिले कुंडल, पहचान के प्रयास जारी

मृतक के कानों में कुंडल मिले हैं। इसके आधार पर उसके नाथ संप्रदाय से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। बस स्टैंड चौकी इंचार्ज पीएसआई कविता ने बताया कि शव को हांसी के सामान्य अस्पताल में 72 घंटे तक शिनाख्त के लिए रखा जाएगा। यदि वहां पोस्टमॉर्टम की व्यवस्था संभव नहीं हुई तो शव को आगामी प्रक्रिया के लिए हिसार नागरिक अस्पताल भेजा जाएगा।

बाजारों से हटाया अतिक्रमण, दो ट्रॉली सामान जब्त

उमरा गेट से चौपटा बाजार तक संयुक्त अभियान, दिवाली तक चलेगी कार्रवाई, दुकानदारों को सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

दिवाली से पहले शहर के बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दुकानदारों पर कार्रवाई की। उमरा गेट, लंबा बाजार, चौपटा बाजार और भगत सिंह रोड पर चलाए गए अभियान के दौरान दुकानों के बाहर रखा करीब दो ट्रॉली सामान जब्त किया गया। टीम ने सड़क पर रखे सामान और बोर्ड हटवाकर रास्ते खुलवाए, ताकि त्योहार पर खरीदारी करने आने वाले लोगों को जाम और परेशानी से राहत मिल सके। उपायुक्त और अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देश पर शुरू किए गए अभियान में अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट हिदायत दी कि वे सामान दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें। सड़क या फुटपाथ पर सामान फैलाकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाएगी।





अतिक्रमण न करने के आश्वासन पर ही लौटाया जाएगा सामान

नगर परिषद की ओर से जब्त सामान नियमानुसार जुर्माना भरने और भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने का आश्वासन देने के बाद ही लौटाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार से शुरू हुआ यह अभियान दिवाली तक लगातार जारी रहेगा। शहर के अन्य बाजारों में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस ने व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बाजारों में रास्ते खुले रखने से यातायात सुचारू रहेगा और ग्राहकों को खरीदारी में सुविधा मिलेगी।

ठंडी सड़क के पास से हटवाए जेनरेटर

हिसार। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। मेयर प्रवीण पोपली के निर्देश तथा अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में निगम की टीम विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही है। निगम की टीम ने अभियान की शुरूआत के साथ साउथ बाइपास रोड के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। टीम ने दिल्ली रोड डाबड़ा चौक के आस-पास से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। डाबड़ा चौक से एमसी-डीसी कॉलोनी मोड़, एमसी-डीसी कॉलोनी मार्केट, पुष्पा काम्पलैक्स के आस-पास, दिल्ली रोड, जिन्दल चौक, जिन्दल हस्पताल रोड, आईटीआई चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने ठण्डी सड़क सोहन सिनेमा हॉल के पीछे गली में जेनरेटर रखकर गली में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा टीम ने राजगुरु मार्केट, बाला जी मार्केट, पूजा मार्केट, आर्य बाजार और बिश्नोई मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला तथा बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक भी टीम ने सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया।

पत्नी के साथ महोत्सव में पहुंचे हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष

राखीगढ़ी में जस्टिस बत्रा ने बनाई मिट्टी की कुल्हिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ललित बत्रा ने अपनी पत्नी पूनम बत्रा के साथ शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने राखीगढ़ी में उत्खनन के दौरान प्राप्त हड़प्पा सभ्यता की प्राचीन वस्तुओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्राचीन सभ्यता की समृद्ध विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न विभागों तथा उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी दौरा किया और स्टॉल संचालकों से संवाद कर उनके उत्पादों, कार्यों तथा गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। महोत्सव में प्रदर्शित पुरातात्विक वस्तुओं को देखकर जस्टिस ललित बत्रा ने प्राचीन हड़प्पा सभ्यता की विकसित जीवनशैली, कला, शिल्पकला और तकनीकी कौशल में रुचि दिखाई। मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा और उनकी धर्मपत्नी पूनम बत्रा ने इस क्षेत्र का दौरा कर वहां प्रदर्शित पुरातात्विक वस्तुओं का अवलोकन किया।





मिट्टी के बर्तन बनाने में दिखाई विशेष रुचि

महोत्सव के दौरान ललित बत्रा ने पारंपरिक मिट्टी के बर्तन बनाने की कला में भी विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से मिट्टी की कुल्हिया बनाकर इस पारंपरिक कला का अनुभव किया। मिट्टी के बर्तन तैयार कर रहे कलाकारों ने उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें मिट्टी से बना गुल्लक भेंट किया। इस अवसर पर महोत्सव में पहुंचे पर्यटकों ने भी उनके साथ तस्वीरें और सेल्फी लीं। जस्टिस ललित बत्रा ने महोत्सव में विभिन्न कलाकारों और उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का भी अवलोकन किया। इसी दौरान एक कलाकार ने कांच की बोतल के भीतर तैयार की गई चारपाई की अनूठी कलाकृति उन्हें भेंट की। बोतल के अंदर चारपाई की कलाकृति तैयार करना कलाकार की बारीक कारीगरी और रचनात्मकता का परिचायक है। इस अवसर पर एसडीएम विकास यादव, नायब तहसीलदार खुर्शीद, बीडीपीओ अशोक मेहरा मौजूद रहे।

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव के दौरान विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कला एवं संस्कृति विभाग की टीम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने हरियाणा की समृद्ध लोककला, पारंपरिक संगीत और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।हरियाणा मानव अधिकार आयोग के ध्यक्ष एवं पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ललित बत्रा द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करना बच्चों के उत्साहवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही।

पति को जिंदा जलाने की आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी पर हत्या का केस दर्ज

- न्योली कलां में अवैध संबंधों के विरोध को लेकर हुआ था विवाद

हिसार। जिले के न्योली कलां गांव में अवैध संबंधों का विरोध करने पर एक व्यक्ति को कथित तौर पर जिंदा जलाने के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी तथा उसके प्रेमी पर केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई मृतक बलवान के बेटे विशाल के बयान पर की गई है। आरोप है कि पत्नी मीरा ने अपने प्रेमी रघुवीर के साथ मिलकर पति बलवान पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे बलवान ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के औरैया जिले का निवासी रघुवीर फिलहाल हिसार के मिलगेट क्षेत्र में रहता था। वह हिसार की बगला रोड स्थित एक फैक्ट्री में मीरा के साथ काम करता था। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। आरोप है कि रघुवीर का मीरा के घर आना-जाना शुरू हो गया था। मीरा कभी-कभार उसके पास भी रहती थी। बलवान इन संबंधों का विरोध करता था, जिसको लेकर दंपती के बीच अक्सर विवाद होता था। बताया जा रहा है कि बुधवार को मीरा न्योली कलां स्थित अपने घर आई थी। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच कथित अवैध संबंधों को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद मीरा ने फोन कर रघुवीर को घर बुला लिया। रघुवीर अपने साथ एक बोतल में पेट्रोल लेकर वहां पहुंचा। मृतक के बेटे विशाल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बुधवार रात को उसके पिता बलवान और मां मीरा कमरे में सो रहे थे, जबकि वह खुद ऊपरी मंजिल पर सोने चला गया था। रात करीब 12:30 बजे पिता की चीख-पुकार सुनकर वह नीचे पहुंचा। विशाल के मुताबिक, वहां उसने देखा कि रघुवीर ने उसके पिता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने और आग की चपेट में आने से मीरा और रघुवीर भी बुरी तरह झुलस गए। सदर थाना प्रभारी वीरेंद्र के अनुसार, विशाल के बयान के आधार पर मीरा और रघुवीर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

खबर संक्षेप

पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति ने उठाई रेल सेवाएं बढ़ाने की मांग

हिसार। उत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से हिसार रेलवे स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के प्रधान विनोद साहनी, सदस्य दिनेश पाण्डेय, सिकेन्द्र गुप्ता, रत्नेश पाण्डेय आदि ने रेलवे अधिकारियों को मांग पत्र देते हुए रेलगाड़ी संख्या 12259/60 बीकानेर-सियालदह दुरंतों एक्सप्रेस को हिसार से होकर नई दिल्ली जाने, गाड़ी संख्या 04732/04731 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर को सप्ताह में तीन दिन करने व अतिरिक्त कोच लगाने, गाड़ी संख्या 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को हिसार तक विस्तारित किये जाने की मांग की गई।

बारस पर नई सब्जी मंडी में लगाया भंडारा

हिसार। श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की टीम ने शुक्रवार को बारस पर नई सब्जी मंडी में 48वां मासिक भंडारा लगाया। भंडारे की शुरुआत संरक्षक प्रवीण अग्रवाल व अनिल बंसल द्वारा भोग लगवाकर की गई। सैंकड़ों लोगों ने खीर सब्जी पूरी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल के प्रधान सुरेन्द्र बालान, वरिष्ठ सदस्य प्रवीण सहारण, कोषाध्यक्ष अरुण सेठी, रामगोपाल कुकडेजा, हैप्पी सैनी, डॉ. संजय सैनी, राजेंद्र सैनी, अमनदीप, डॉक्टर मोहित, हैप्पी बालान, राजू, विजय बालान, मिथुन मंडी, अमनदीप, संदीप जांगड़ा, बिट्टू अड्डा, गुलशन गाबा, अमित बजाज अशोक वर्मा, तेजपाल, पारूल, संजय शर्मा, राकेश, बंसी, सुनील जांगड़ा, सौरभ शर्मा, भीम सैनी, तनिष, प्रिंस आदि उपस्थित रहे।

रोडवेज कर्मचारियों ने दिया बेमियादी धरना

हिसार। हरियाणा रोडवेज के हिसार डिपो में महाप्रबंधक के खिलाफ कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 32वें दिन भी जारी रहा। धरने पर कर्मचारियों को संबोधित करने पहुंचे भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान कृष्ण लाल नौहरा ने कहा कि यदि महाप्रबंधक ने कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया तो राज्य कमेटी हिसार डिपो के कर्मचारियों के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आंदोलन से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की पूरी जिम्मेदारी महाप्रबंधक की होगी।

महिला काव्य मंच की हुई ऑनलाइन गोष्ठी

हिसार। महिला काव्य मंच (मकाम) हिसार इकाई द्वारा एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मकाम की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिरसा इकाई की अध्यक्ष सुदेश कंबोज शामिल हुईं, जबकि अध्यक्षता व मंच संचालन हरियाणा अध्यक्ष पूनम मनचंदा ने किया। मां सरस्वती की वंदना से शुरू हुई इस गोष्ठी में विभिन्न कवयित्रियों ने अपनी बेहतरीन रचना प्रस्तुत कीं। इस मौके पर स्नेह प्रेमचंद, पूनम मनचंदा, सुदेश कंबोज, नम्रता गोयल, विनीता गर्ग, डॉ. सुनीता जनावा, उषा ठकराल, दविना ठकराल, नीरज सोरखी, शिल्पा खन्ना, समीक्षा जैन और सीमा शर्मा आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

इनसो ने जाट कॉलेज प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हिसार। शहर के छाजू राम मेमोरियल जाट कॉलेज में विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वच्छता और बुनियादी शैक्षणिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (इनसो) की टीम ने कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने की मांग करते हुए विभिन्न समस्याओं का जल्द समाधान करने की अपील की। ज्ञापन के माध्यम से इनसो ने कक्षाओं में पड़ी टूटी और अनावश्यक बेंचों को हटाने, क्षतिग्रस्त एमसीबी बॉक्सों की मरम्मत करवाने तथा जर्जर छत को दुरुस्त करवाने की मांग उठाई।

तीरंदाजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 616 अंक बनाकर रचा इतिहास

भैरी अकबरपुर की बेटी भावना ने पैरा एशियाई खेलों में जीता रजत पदक

- दिव्यांगता को नहीं बनने दिया कमजोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

जिले के उकलाना खंड के गांव भैरी अकबरपुर की होनहार बेटी भावना ने जापान में आयोजित 5वें पैरा एशियाई खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भावना ने तीरंदाजी की रिकर्व महिला डबल्स स्पर्धा में रजत पदक जीतकर न केवल अपने गांव और हिसार का, बल्कि पूरे प्रदेश व देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अपनी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर



भावना ने साबित कर दिया है कि शारीरिक चुनौतियां कभी भी सफलता की राह में रोड़ा नहीं बन सकतीं।

विश्व रैंकिंग में 5वें स्थान पर पहुंचीं भावना

भावना वर्तमान में पैरा रिकर्व तीरंदाजी की विश्व रैंकिंग में 5वें स्थान पर हैं। उन्होंने वर्ष 2025-26 में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनका प्रशिक्षण संजीव सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट से जुड़ा रहा है। भावना ने अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय अपने परिवार के सहयोग, कोच और अपनी निरंतर मेहनत को दिया है।

616 अंक हासिल कर बनाया नया भारतीय रिकॉर्ड

प्रतियोगिता के दौरान भावना ने 616 अंक हासिल कर भारतीय पैरा तीरंदाजी के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इससे पहले भारतीय पैरा तीरंदाजों के लिए 600 अंकों का आंकड़ा पार करना भी एक बड़ी चुनौती माना जाता था। भावना के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन और रजत पदक जीतने की खबर मिलते ही गांव भैरी अकबरपुर में खुशी का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। भावना के पिता नरेश कुमार राड ने बेटी की खेल प्रतिभा और तीरंदाजी के प्रति समर्पण को देखते हुए गांव में एसआरएम स्पोर्ट्स अकादमी की शुरुआत की। इस अकादमी में कोच गुरदीप सिंह ने खिलाड़ियों को कड़ा प्रशिक्षण दिया। आज इस अकादमी से निकले अनेक खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं।

कोरोना काल में भाई से मिली प्रेरणा, फिर साधा पहला निशाना

भावना के खेल सफर की शुरुआत प्रेरणादायक रही है। उनके भाई वुशु के खिलाड़ी थे। कोरोना महामारी के दौरान एक दिन भावना अपने भाई के साथ मैदान पर गईं, जहां उन्होंने तीरंदाजों को अभ्यास करते देखा। तीरंदाजों को सटीक निशाना लगाते देख भावना के मन में भी इस खेल के प्रति गहरी रुचि जागी। इसके बाद उन्होंने नियमित अभ्यास शुरू किया और अपनी लगन से पहचान बनानी शुरू कर दी।



हांसी। खो-खो में चैंपियन टीम के स्कूल पहुंचने पर विद्यार्थियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते प्राचार्य अनिल कुमार। फोटो: हरिभूमि

जिला स्तरीय खो-खो में हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम बनी चैंपियन

- अंडर-11 वर्ग में कोच वीरेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

गांव खरड़ में आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हांसी की अंडर-11 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। खेल के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल कौशल के दम पर जिले की अन्य टीमों को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। टीम की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की सफलता के पीछे नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत और खो-खो कोच वीरेंद्र दलाल का कुशल मार्गदर्शन रहा। विद्यालय में खिलाड़ियों और कोच को बधाई देते हुए डीपी के समर्पण, अथक परिश्रम और खेलों के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना की गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं।

जो व्यक्ति ईश्वर से डरता है, वह पाप नहीं करता : आचार्य प्रभाकर



हिसार। आर्य समाज मॉडल टाउन के वार्षिकोत्सव में उपस्थित आर्यजन।

- आर्य समाज मॉडल टाउन के 74वें वार्षिकोत्सव का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आर्य समाज, मॉडल टाउन के 74वें वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देव यज्ञ से हुआ। यज्ञ में अशोक गौतम, रवि सोनी सपत्नीक, साधना मेहता, आदर्श गुट, कमलेश, सरोज और अनीता ने यजमान के रूप में आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ ब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने विधिवत यज्ञ संपन्न करवाया। कार्यक्रम में पंडित अजय आर्य ने अपने भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को नैतिकता, सदाचार और मानवता का संदेश दिया। प्रवचन करते हुए आचार्य अंकित प्रभाकर ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपनी पुस्तक 'व्यवहार भानु' में श्रेष्ठ मनुष्य बनने के उपाय बताए हैं। इनमें पहला उपाय ईश्वर का भय है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ईश्वर से डरता है, वह पाप करने से बचता है और अपने कर्मों के प्रति सजग रहता है। यदि मनुष्य जीवन में बुराइयों से बचना चाहता है, तो उसके भीतर गलत कार्यों के प्रति जवाबदेही का भाव होना चाहिए। कार्यक्रम में वीरेंद्र आर्य, राज कुमार डुडेजा, मदन वासुदेवा, राज वर्मा, सुभाष आर्य, जितेंद्र बख्शी, मांगेराम आर्य, ईश आर्य, संजीव भाटिया, रामरख आर्य, आचार्य राम स्वरूप, कर्मवीर शास्त्री, सविता वेदांशु, रेखा गौतम, सुमन बत्रा और सुमन आर्या आदि उपस्थित रहे।

बिठमड़ा से पंचायती झोटा चुराने का मुख्य आरोपी यूपी से दबोचा

हिसार। उकलाना क्षेत्र के गांव बिठमड़ा से पंचायत का झोटा चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुजफ्फरनगर जिले के बघरा निवासी मोहम्मद आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस चोरीशुदा झोटे की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, गांव बिठमड़ा निवासी धर्मबीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के मुताबिक, एक अक्टूबर सुबह करीब तीन बजे चोर गांव से पंचायत का झोटा चोरी कर ले गए थे। जांच के दौरान सामने आया कि वारदात के समय चोरों की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थीं। फुटेज में चोरी की वारदात में एक आइशर मज्जा गाड़ी और मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल किए जाने की जानकारी मिली थी। उकलाना अनाज मंडी चौकी प्रभारी की टीम ने मामले की गहन जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस चोरीशुदा झोटे की बरामदगी के लिए दबिश दे रही है।



तिरुपति धाम में ब्रह्मोत्सव 27 से

- सुबह-शाम निकलेंगी भगवान की दिव्य सवारियां
- 31 अक्टूबर को भव्य रथ यात्रा और आतिशबाजी रहेगी विशेष आकर्षण

हिसार। श्री तिरुपति बालाजी धाम में सात दिवसीय ब्रह्मोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव में श्रद्धालुओं को प्रतिदिन सुबह और शाम भगवान की विभिन्न दिव्य सवारियों एवं भव्य झांकियों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। विशाल और आकर्षक नक्काशी से सुसज्जित रथ की सवारी भी महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगी। भगवान वेंकटेश की अनुकंपा से आयोजित इस महोत्सव का आयोजन परम पद प्राप्त जगद्गुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी के परम कृपापात्र स्वामी नारायणाचार्य महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा। ब्रह्मोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी देने वाले पत्रक का हिसार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर तिरुपति धाम की संचालन समिति के सदस्यों और ट्रस्टियों एसएन गुप्ता, सीए रामनिवास अग्रवाल और राजीव बंसल ने बताया कि ब्रह्मोत्सव का शुभारंभ 27 अक्टूबर को श्री विष्वक्सेन जी के मार्गावलोकन विधान के साथ होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन भगवान की अलग-अलग सवारियां निकाली जाएंगी, जिनके दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभव होंगे। महोत्सव के दौरान पूर्ण कोठी, शेष वाहन, गरुड़ और हनुमान वाहन की सवारियों के साथ भगवान के मोहिनी स्वरूप, हाथी वाहन, भव्य रथ, घोड़ा, सूर्य प्रभा, सिंह और पुष्पक विमान की सवारियां भी निकाली जाएंगी। 30 अक्टूबर को भगवान की सवारी नगर भ्रमण के लिए निकलेगी और शहर के विभिन्न मंदिरों तक पहुंचेगी। वहीं, 31 अक्टूबर को सुबह दिव्य एवं विशाल नक्काशीदार रथ की सवारी निकाली जाएगी। इसी दिन शाम को घोड़ा सवारी के साथ भव्य आतिशबाजी भी होगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगी।

14 नवंबर को खुलेगा लग्ज़री वेडिंग डेस्टिनेशन 'द पॉश एम्पायर'

हिसार। राजगढ़ रोड पर राजस्थान के ऐतिहासिक महलों की तर्ज पर बने भव्य लग्ज़री वेडिंग डेस्टिनेशन 'द पॉश एम्पायर' का शुभारंभ आगामी 14 नवंबर 2026 को होने जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसके प्रमोटर मोहित अरोड़ा ने बताया कि 9 एकड़ में फैला यह हरियाणा का सबसे बड़ा और आधुनिक आयोजन स्थल है, जो शहरवासियों को एक ही छत के नीचे राजसी अनुभव देगा। उन्होंने कहा कि एक साथ 5,000 मेहमानों के स्वागत की क्षमता, 35,000 वर्ग फुट का मल्टीपल एसी बैंक्वेट हॉल, लेडीज संगीत के लिए 12,000 वर्ग फुट का एसी हॉल और रूफटॉप स्विमिंग पूल युक्त 15,000 वर्ग फुट का हल्दी-मेहंदी हॉल, 35 कमरे, दो विशाल लॉन, ड्राइवरों के लिए अलग व्यवस्था और परिसर में आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक कारें, 7 एकड़ में रिजॉर्ट व 2 एकड़ क्षेत्र केवल पार्किंग के लिए आरक्षित इसकी प्रमुख विशेषताएं है।



हिसार। कार्यक्र में उपस्थित अतिथिगण व अन्य। फोटो: हरिभूमि

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में अतिथियों से साझा किए प्रेरक प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, खारा खेड़ी में हरियाणा सरकार के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें हौसले और जज्बे की मिसाल चार विशिष्ट अतिथियों ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में माउंट एवरेस्ट विजेता मीनू कालीरमन, आत्मरक्षा प्रशिक्षक विजेता मुंदलिया, दृष्टिहीन अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर पूजा डूबल और जल संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय साइकिल यात्रा करने वाले सुभाष एचरा ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के संघर्ष, साहस और सफलता की कहानियां साझा की। अतिथियों के विद्यालय आगमन पर विद्यालय निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा (सेवानिवृत्त), विद्यालय प्रशासक विक्रमादित्य ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल जानूप्रिया कथूरिया, सीनियर कोऑर्डिनेटर पूनम विश्नोई, सैनिक स्कूल खारा खेड़ी और रॉयल स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों तथा दोनों विद्यालयों के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

एसआईआर रद्द करने और मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने की मांग

हिसार। संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर लोकतंत्र और मतदान के अधिकारों की रक्षा की मांग पर प्रदर्शन किया। मोर्चा के सदस्य लघु सचिवालय के मुख्य गेट पर पहुंचे और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

- लघु सचिवालय के मुख्य गेट पर किया प्रदर्शन

मोर्चा के सदस्यों ने मांग की कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को तत्काल रद किया जाए तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने मतदाता सूची से कथित तौर पर बिना पारदर्शिता हटाए गए 13.41 करोड़ नागरिकों के मतदान अधिकार बहाल करने की मांग भी उठाई। किसान नेताओं ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने और व्यापक चुनाव सुधार लागू करने की मांग की। प्रदर्शन में शमशेर सिंह नंबरदार, करतार सिंह सिवाच, सरदानंद राजली, राजीव मलिक, जसबीर सूरा, रोहतास राजली, प्रदीप डोभी, कामरेड मनोज सोनी, ईश्वर वर्मा, बलराज मलिक, मेहर सिंह बांगड़, नशीब सातरोड़, विरेंद्र बागोरिया, दिनेश सिवाच, कुलदीप पुनिया, ईश्वर सुंडावास, शकुंतला जाखड़, कमला देवी, बिमला देवी, सुबे सिंह बूरा, दिलबाग सिंह हुड्डा, रमेश मिरकां, शमशेर भेरिया, देवेंद्र लौरा, वजीर सिंह, सतपाल फौजी, राम लाडवा और मास्टर धूप सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

भोजन को दवा बना लो वरना दवा भोजन बन जाएगी : डॉ. गोपाल

अग्रसेन भवन में स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला शुरू



हिसार। स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला में साधकों को संबोधित करते डॉ. गोपाल शास्त्री।

हिसार। बदरी नारायण सेवाग्राम, मेरठ से आए डॉ. गोपाल शास्त्री के सान्निध्य में शुक्रवार प्रातः अग्रसैन भवन में स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला शुरु हुई। यह जानकारी देते हुए साधक सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट ने बताया कि प्रयोगशाला में आये हुए साधकों का मानसिक शांति, अपचन, गैस, कब्जियत, एसिडिटी, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल वृद्धि से ग्रस्त होकर डायबिटीज, बलडप्रेशर, हार्ट अटैक, मानसिक तनाव, अनिद्रा, याद्दाश्त कमजोर होना, डिप्रेशन, भय, चिंता व चिड़चिड़ापन आदि का दवा रहित उपाय बताया जाएगा। डॉ. गोपाल शास्त्री ने साधकों को कहा कि अपनी दिनचर्या को संतुलित बना लो और भोजन को दवा बना लो वरना दवा भोजन बन जाएगा। उपस्थित साधकों को स्वस्थ रहने के लिये आवश्यक टिप्स दिए गए। अग्रसेन भवन में पहुंचने पर डॉ. गोपाल शास्त्री का पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अग्रसैन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला हैं। पहले दिन सुनील मेहता, रवि प्रकाश कौशिक, बलवंत सिंह यादव, प्रवीन वर्मा, ब्रत्म हंस करनाल, विनय शर्मा, हरीश जैन, दुलीचंद यादव, दयानंद रहेजा, सीमा मेहता, शोभा रानी, देवकी सहित सैंकड़ों साधक उपस्थित रहे।



हांसी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते आयोजन समिति सदस्य।

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक सिद्धार्थ यादव का अभिनंदन समारोह आज

हांसी। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक सिद्धार्थ यादव के अभिनंदन समारोह को लेकर हांसी में तैयारियां शुरू हो गई हैं। 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उनके स्वागत के लिए सैकड़ों मोटरसाइकिलों का काफिला निकाला जाएगा। खुली जीप में सवार होकर सिद्धार्थ यादव जींद चौक स्थित सुभाष ड्रामाटिक क्लब लाया जाएगा, जहां सुभाष ड्रामेटिक क्लब में उनका अभिनंदन समारोह और जनसंवाद कार्यक्रम होगा। आयोजक सर्वेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत राजा राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी। इसके बाद मोटरसाइकिलों के काफिले और खुली जीप के साथ उन्हें समारोह स्थल तक लाया जाएगा। सुभाष ड्रामाटिक क्लब में दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में सिद्धार्थ यादव का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान वे आमजन से संवाद भी करेंगे। समारोह के निवेदक मंजीत सिंह जमावड़ी ने लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

- राजा राव तुलाराम की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

कार्यक्रम टीटीसी में राज्य स्तरीय किसान आउटरीच प्रोग्राम में किया जागरूक

पराली जलाने से मृदा स्वास्थ्य को भारी नुकसान: प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में शुक्रवार को 'राज्य स्तरीय सीआरएम इंडस्ट्री कनेक्ट एवं किसान आउटरीच कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रदीप छत्रपति मेश्राम की अध्यक्षता तथा सीआईआई फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम 'स्वच्छ वायु हेतु साझेदारी' थीम के तहत आयोजित हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य फसल अवशेष प्रबंधन, पराली के प्रभावी उपयोग और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए किसानों व कृषि उद्योग जगत को एक साझा मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि पराली जलाना न केवल पर्यावरण, बल्कि मृदा (मिट्टी) स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और उद्योगों के समन्वित प्रयासों पर बल देते हुए आह्वान किया कि किसान पराली को समस्या मानने के बजाय एक मूल्यवान संसाधन के रूप में अपनाएं और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से इसका प्रभावी प्रबंधन करें। संस्थान के निदेशक मेश्राम ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि टीटीसी हिसार किसानों को आधुनिक कृषि मशीनरी, तकनीकी प्रशिक्षण और पर्यावरण-अनुकूल समाधान उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है।



हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

भारतीय संस्कृति, साहित्य और आध्यात्मिक परंपरा के महान ऋषि थे महर्षि वाल्मीकि : कुलपति



हिसार। विचार गोष्ठी को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी महाविद्यालय में भगवान वाल्मीकि के पावन प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अध्यक्षता की। सामाजिक विचारक सतीश ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। गोष्ठी में महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनकी शिक्षाओं और भारतीय संस्कृति एवं साहित्य में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति, साहित्य और आध्यात्मिक परंपरा के महान ऋषि थे। उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय जीवन-दर्शन, नैतिक मूल्यों और आदर्श सामाजिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट कर्मचारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता सामाजिक विचारक सतीश ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन को ज्ञान, साधना और आत्मपरिवर्तन की प्रेरणादायक मिसाल बताया।

गुजवि प्रशासन ने छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से किया संवाद

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में परिसर की सुरक्षा, अनुशासन और आगामी युवा महोत्सव की तैयारियों बारे प्रॉक्टर प्रो. ओम प्रकाश सांगवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के अधिकारियों और विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान परिसर में सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुचारू करने और युवा महोत्सव के आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कुलपति प्रो. विजय कुमार ने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय के नियमों का पालन करने और आगामी युवा महोत्सव को उत्साह, उमंग तथा अनुशासन के साथ सफल बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।

खबर संक्षेप



होली चाइल्ड स्कूल की हरिलक्ष्मी ने जीता स्वर्ण

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा नौवीं की प्रतिभाशाली छात्रा हरिलक्ष्मी ने सीबीएसई नेशनल गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। हरिलक्ष्मी की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस शानदार सफलता के आधार पर हरिलक्ष्मी का चयन प्रतिष्ठित खेलो इंडिया तथा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए हुआ है। हरिलक्ष्मी की इस स्वर्णिम सफलता के पीछे उनके निरंतर अभ्यास, दृढ़ संकल्प और प्रशिक्षक रणवीर के कुशल मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु व प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने हरिलक्ष्मी की इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी।

नगर निगम ने पकड़े 33 बेसहारा पशु

हिसार। नगर निगम के द्वारा शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में निगम की पशु पकड़ो टीम ने सेक्टर 27-28, सातरोड और बीएचपी कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए 33 बेसहारा पशुओं को पकड़ा और उन्हें गोअभयारण्य पहुंचाया। पशु पकड़ो टीम ने रोहित एएसआई की निगरानी में अभियान चलाकर पशुओं को पकड़ा। नगर निगम प्रशासन के निर्देशानुसार पशुओं को पकड़कर गोअभ्यारण्य पहुंचाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेंगी।

गुरु दक्ष पॉलिटेक्निक में स्वच्छता अभियान चलाया

हिसार। गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक के इको क्लब द्वारा भारत सरकार के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संस्थान में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ सदस्यों एवं इको क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर की साफ-सफाई कर सभी को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

खेत से सोलर मोटर चुराने का आरोपी गिरफ्तार

हांसी। खेत से सोलर मोटर चोरी करने के मामले में थाना बास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी संजय निवासी गांव पड़ना जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2,200 रुपये बरामद किए हैं। मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, गांव पुठ्ठी निवासी प्रवीण ने शिकायत दी थी कि गांव बास अकबरपुर स्थित उसकी जमीन पर खेत में सोलर मोटर लगी हुई थी। 25 फरवरी 2026 को अज्ञात व्यक्ति मोटर चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना बास में चोरी से संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।

गुजवि यूआई ग्रीनमेट्रिक रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम

देश में 20वां, विश्व में 586वां और एशिया में पाया 341वां स्थान, 2016 शिक्षण संस्थानों के बीच बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



प्रो. विजय कुमार, कुलपति।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए यूआई ग्रीनमेट्रिक विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय ने हरियाणा में प्रथम, देश में 20वां, एशिया में 341वां और विश्व स्तर पर 586वां स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है।

इंडोनेशिया के जकार्ता स्थित यूनिवर्सिटास इंडोनेशिया द्वारा शुरू की गई इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में विश्वभर के उच्च शिक्षण संस्थानों के पर्यावरण अनुकूल प्रयासों, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और सतत विकास से जुड़ी गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाता है। वर्ष 2026 की रैंकिंग में छह महाद्वीपों के 110 देशों के कुल 2,016 शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यूआई ग्रीनमेट्रिक रैंकिंग में विश्वविद्यालयों के पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के कुशल उपयोग, जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों तथा सतत विकास आधारित शिक्षा और शोध का आकलन किया जाता है। इस रैंकिंग में विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर्यावरण अनुकूल परिसर विकसित करने और वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

यह रहा मूल्यांकन का आधार

रैंकिंग में विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन सात प्रमुख मानकों के आधार पर किया गया, जिनमें परिसर की व्यवस्था एवं आधारभूत संरचना, ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, परिवहन, शिक्षा एवं शोध तथा सुशासन, डिजिटलीकरण और एकीकृत कार्य प्रदर्शन के माध्यम से सतत परिसर को बढ़ावा देना शामिल है। इन सभी मानकों के लिए कुल 10 हजार अंक निर्धारित किए गए थे। गुजवि ने परिसर की व्यवस्था एवं आधारभूत संरचना में 700, ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन में 1100, कचरा प्रबंधन में 1075, जल संरक्षण में 825, परिवहन में 1237.5, शिक्षा एवं शोध में 975 तथा सुशासन, डिजिटलीकरण और एकीकृत कार्य प्रदर्शन में 837.5 अंक प्राप्त किए। इस प्रकार विश्वविद्यालय का कुल स्कोर 6750 अंक रहा। इस वर्ष रैंकिंग में सुशासन, डिजिटलीकरण और एकीकृत कार्य प्रदर्शन के माध्यम से सतत परिसर को बढ़ावा देने संबंधी नया मानक भी शामिल किया गया।

गवर्नमेंट कॉलेज मंगाली के दिवेश व काफी को बेस्ट एथलीट का खिताब

राजकीय महाविद्यालय मंगाली में चौथी वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वालों के साथ प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी एवं अन्य स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*



बरवाला। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि, प्राचार्य व स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय मंगाली में चौथी वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं धूमधाम के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्या प्रो. डॉ. अंजू चौधरी के मार्गदर्शन में हुई प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पुरुष वर्ग में दिवेश तथा महिला वर्ग में काफी को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सरपंच जोगिंदर सिंह के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी एवं मुख्य अतिथि जोगिंदर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी, डॉ. कमलप्रीत कौर ने बताया कि खेल प्रतियोगिता के दौरान मंच संचालन ज्योति बेनीवाल एवं प्रियंका बॉस ने किया।

बरवाला में मनप्रीत और तनीषा बने बेस्ट एथलीट

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 18वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट बॉयज मनप्रीत व बेस्ट एथलीट गर्ल्स तनीषा रहीं। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि उगालन के राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह गिल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। महाविद्यालय के प्राध्यापक आशीष कुमार और पंकज कुमार ने प्रतियोगिताओं के परिणामों के बारे में बताया कि 1500 मीटर दौड़ (लड़के) में प्रथम स्थान मनप्रीत और द्वितीय स्थान प्रिंस तथा तृतीय स्थान गुलाब ने प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ (लड़कियां) में प्रथम स्थान तनीषा और द्वितीय स्थान गोमती तथा तृतीय स्थान प्रीति ने प्राप्त किया। हाई जंप (लड़के) में प्रथम स्थान प्रिंस और द्वितीय स्थान अरविंद तथा तृतीय स्थान राहुल ने प्राप्त किया। हाई जंप (लड़कियां) में प्रथम स्थान तनीषा और द्वितीय स्थान खुशी तथा तृतीय स्थान प्रीति ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ (लड़के) में प्रथम स्थान मनप्रीत और द्वितीय स्थान प्रिंस तथा तृतीय स्थान लोकेश ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ (लड़कियां) में प्रथम स्थान तनीषा और द्वितीय स्थान गोमती तथा तृतीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता की100 मीटर दौड़ फाइनल (लड़के) में प्रथम स्थान मनप्रीत और द्वितीय स्थान रॉबिन तथा तृतीय स्थान गुलाब ने प्राप्त किया जबकि100 मीटर दौड़ फाइनल (लड़कियां) में प्रथम स्थान तनीषा और द्वितीय स्थान गोमती तथा तृतीय स्थान प्रीति ने हासिल किया।

जिंदल स्टेनलेस का राजस्व पिछले वर्ष से 18.2% बढ़ा

- जिंदल स्टेनलेस ने की 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही और छमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन में मजबूती दर्ज की। दूसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध राजस्व रुपये 12,874 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 18.2 प्रतिशत अधिक है। एबिट्डा रुपये 1,433 करोड़ रहा, जबकि कर पश्चात लाभ (पीएटी) बढ़कर रूपये 898 करोड़ हो गया, जिसमें क्रमश 3.2 प्रतिशत और 11.1 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई। समेकित शुद्ध ऋण रूपये 3,121 करोड़ रहा, जबकि शुद्ध ऋण-से-इक्विटी अनुपात 0.15 एक्स रहा।

पहली तिमाही में भू-राजनीतिक परिस्थितियों और औद्योगिक गैस की उपलब्धता संबंधी बाधाओं के कारण परिचालन प्रभावित हुआ था। इसके बाद दूसरी तिमाही में कंपनी ने अच्छी वापसी की। तिमाही-दर-तिमाही आधार पर कुल बिक्री मात्रा में 14.4 प्रतिशत और शुद्ध राजस्व में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

कारोबार में वृद्धि दर्ज हुई: अभ्युदय जिंदल

कंपनी के प्रदर्शन पर बात करते हुए जिंदल स्टेनलेस प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि पहली तिमाही में भू-राजनीतिक संकट के कारण कामकाज प्रभावित हुआ था। इसके बाद दूसरी तिमाही में कंपनी ने अच्छी वापसी की और कारोबार में वृद्धि दर्ज की। इस प्रदर्शन को मजबूत आर्थिक वृद्धि और उत्पादों की जीवनचक्र लागत के प्रति बढ़ती जागरूकता के समर्थन से घरेलू मांग में बनी मजबूती का लाभ मिला।

संदीप बने आर्यनगर ब्लॉक के प्रधान

हिसार। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन (एमपीएचई), हिसार के अंतर्गत ब्लॉक आर्यनगर की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिला प्रधान विकास संदलाना की अध्यक्षता में आयोजित एसोसिएशन के त्रिवार्षिक सम्मेलन में कर्मचारियों ने संगठन की नई टीम का चयन किया। चुनाव में संदीप गेट भिवानी रोहिल्ला को ब्लॉक प्रधान तथा राममेहर पंवार को ब्लॉक सचिव चुना गया। नई कार्यकारिणी में सुशील खन्ना को वित्त सचिव, ऊषा देवी सुंडावास और कमलेश नैन गावड़ को उपप्रधान, अनिल सातरोड़ खास को संयुक्त सचिव, विनीत नैन को संगठन सचिव, मनोज सिवाच को प्रेस सचिव तथा सुरेशो देवी को ऑडिटर चुना गया।



हिसार। रोडवेज में प्रदर्शन करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

बिजली निगम के निजीकरण के खिलाफ आंदोलन को रोडवेज सांझा मोर्चा का समर्थन

- प्रदेशभर में सौंपे ज्ञापन, 5-6 नवंबर को दो दिवसीय हड़ताल का नोटिस

हिसार। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश के सभी डिपो में कर्मचारियों ने दोहरे विरोध के तहत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे। मोर्चा ने बिजली बोर्ड के निजीकरण के विरोध में चल रहे बिजली कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए व अपनी मांगों के समर्थन में डिपो में प्रदर्शन किया और हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों की लंबित मांगों पर आठ सितंबर को परिवहन मंत्री के साथ बनी सहमति का परिपत्र जारी न होने पर कड़ा रोष जताया। साथ ही सरकार को 5 व 6 नवंबर को दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का नोटिस दिया गया। सांझा संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य राजबीर दुहन, संदीप जैनावास, कर्मबीर मसूदपुर, बजरंग लाखा, पवन कनोह, अनूप श्योकद, जोगेंद्र पंघाल, जितेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, अमित जुगलान, अजय दुहन और नरेंद्र खरड़ ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर 5 व 6 सितंबर को हड़ताल का नोटिस दिया था।

इसके बाद 8 सितंबर को परिवहन मंत्री के साथ हुई बैठक में 12 प्रमुख मांगों पर सहमति बनी थी। उस समय एक माह के भीतर मांगों से संबंधित परिपत्र जारी करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन डेढ़ माह बीतने के बावजूद एक भी परिपत्र जारी नहीं किया गया। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

बिजली वितरण का निजीकरण जनविरोधी फैसला : रवि आहूजा



हिसार। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व प्रत्याशी एवं जिला प्रवक्ता रवि आहूजा ने गुरुग्राम और मेवात (नूंह) में बिजली वितरण व्यवस्था निजी कंपनियों को सौंपने के फैसले पर विरोध जताया है। उन्होंने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) के इस निर्णय को जनविरोधी बताते हुए सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। रवि आहूजा ने कहा कि बिजली वितरण व्यवस्था का निजीकरण होने से आम उपभोक्ताओं, किसानों और उद्योगों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक संसाधनों से तैयार बिजली वितरण व्यवस्था को निजी कंपनियों के हवाले करना जनहित के खिलाफ है। निजी कंपनियों का मुख्य उद्देश्य मुनाफा कमाना होता है, जिससे भविष्य में बिजली दरों में बढ़ोतरी की आशंका बनी रहेगी। इसका सीधा असर आम परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ेगा। रवि आहूजा ने प्रदेश सरकार से बिजली वितरण के निजीकरण संबंधी फैसले पर पुनर्विचार करने और इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि इस फैसले के खिलाफ बिजली कर्मचारियों और आम जनता का विरोध तेज हो सकता है।

नेशनल चैंपियनशिप में ऋषभ रहा तृतीय स्थान पर

बरवाला। लक्ष्मी विहार में स्थित डी.एम. हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बरवाला के कक्षा सातवीं के छात्र ऋषभ पुत्र संजय कुमार ने रतिया में आयोजित 23वीं गतका नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं बरवाला क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऋषभ ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। ऋषभ की इस सफलता से विद्यालय में खुशी की लहर है।

सूचना

मैं, सुमन पत्नी ईश्वर निवासी आर्यनगर, तहसील व जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र हेमन्त कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

JINDAL STEEL

जिन्दल स्टील लिमिटेड

(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)

(CIN: L27105HR1979PLC009913)

पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)

कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066

Phone: +91 11 41462000 | Fax: +91 11 26161271 | Email: contactus@jindalsteel.in

Website: www.jindalsteel.in

jindalsteel_ jindal_steel jindalsteellimited jindalsteel_ jindalsteel_

सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47

30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(शेयरों और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही	30 जून 2026 को समाप्त तिमाही	30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही	30 सितम्बर 2026 को समाप्त अर्ध वर्ष	30 सितम्बर 2025 को समाप्त अर्ध वर्ष	31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष
		अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	16,703.54	15,501.32	11,707.82	32,204.86	24,032.70	53,553.14
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	1,083.56	1,204.58	982.25	2,288.14	3,000.13	5,284.53
3	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	1,083.56	1,204.58	982.25	2,288.14	3,000.13	4,413.15
4	कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद)	770.64	843.80	635.08	1,614.44	2,131.05	3,360.87
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	675.87	943.66	505.77	1,619.53	2,055.38	3,335.95
6	भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के)	101.80	101.78	101.75	101.80	101.75	101.75
7	अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	–	–	–	–	–	50,797.16
8	अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) –						
	बेसिक :	7.61	8.30	6.28	15.91	20.99	33.12
	डायल्यूटेड :	7.61	8.30	6.28	15.91	20.99	33.12

टिप्पणी :-

1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज(एस) की वेबसाइट www.bseindia.com / www.nseindia.com के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट www.jindalsteel.in पर उपलब्ध है और नीचे दिये गये विवक रेस्पॉंस कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. इन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 23 अक्तूबर 2026 को आयोजित इसकी बैठक में ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 23 अक्तूबर 2026 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के मुख्य आंकडे (रु. करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही	30 जून 2026 को समाप्त तिमाही	30 सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही	30 सितम्बर 2026 को समाप्त अर्ध वर्ष	30 सितम्बर 2025 को समाप्त अर्ध वर्ष	31 मार्च 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष
		अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	टर्नओवर	15,289.22	15,291.77	12,119.03	30,580.99	24,555.30	54,320.20
2	कर से पूर्व लाभ/(हानि)	1,170.35	1,473.59	1,244.04	2,643.94	3,440.61	4,139.97
3	कर के बाद लाभ/(हानि)	860.65	1,085.97	920.67	1,946.62	2,544.57	3,073.62

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 23 अक्तूबर 2026

बोर्ड के आदेशानुसार
विद्या रत्तन शर्मा
प्रबंध निदेशक

महाराजा अग्रसेन ने समाजवाद को बढ़ावा दे गरीबों को ऊंचा उठाने का काम किया

अग्रोहा धाम में 25 को 43वां वार्षिक मेला हर दृष्टिकोण से ऐतिहासिक होगा : गर्ग



हिसार। अग्रोहा में आयोजित व्यापारियों की एक बैठक में व्यापारियों की समस्याओं और आगामी अग्रोहा धाम मेले के आयोजनों को लेकर गहन चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए बजरंग गर्ग ने बताया कि 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में आयोजित होने वाला 43वां विशाल वार्षिक मेला हर दृष्टिकोण से ऐतिहासिक होगा, जिसकी तैयारियां बड़े स्तर पर जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा किमहाराजा अग्रसेन ने एक रुपया और एक ईंट का सिद्धांत देकर समाजवाद को बढ़ावा दिया और गरीबों को ऊंचा उठाने का काम किया। इस अवसर पर अग्रोहा ब्लॉक प्रधान ईश्वर गोयल, पवन गर्ग, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, अग्रोहा धाम जिला प्रधान एन.के. गोयल, संगठन मंत्री राजेंद्र बंसल, युवा प्रधान रवि सिंगला, रमेश गोदारा, धर्मवीर जिंदल, कोषाध्यक्ष विनोद नैन आदि उपस्थित रहे।

हांसी से अग्रोहा मेले में भाग लेने के लिए 11 बसें होंगी रवाना : विनय



विनय जैन।

हांसी। महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में हांसी में 24 अक्टूबर को तोरण द्वार के पास प्रातः 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अग्रोहा विकास ट्रस्ट हांसी इकाई के प्रधान विनय जैन ने बताया कि 25 अक्टूबर को अग्रोहा धाम में होने जा रहे मेले के लिए हांसी के तोरण द्वार से श्रद्धालुओं से भरी 11 बसे मेले के लिए रवाना होगी। विनय जैन ने कहा कि अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को लगने वाला विशाल वार्षिक मेला हर दृष्टिकोण से ऐतिहासिक होगा। मेले की तैयारियां जोरों पर चल रही है। अग्रोहा धाम मेले की व्यवस्था संभालने के लिए 700 सेवादारों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि मेले में हिमाचल के महामहिम राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता, हरियाणा के मंत्री विपुल गोयल, पंजाब के मंत्री वीरेंद्र गोयल, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ सुभाष चंद्रा, जगतगुरु कुमार स्वामी, भजन गायक मासूम शर्मा व अंजलि द्विवेदी आदि लोग मेले में भाग लेंगे।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

24 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET ● ELENTA का वादा, बचत सबसे ज़्यादा I

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

ADDRESS - TOWER ENCLAVE, JINDALCHOWK - RAIPUR RD, OPPOSITE HDFC BANK, VIDYUT NAGAR, HISAR, HARYANA.

CALL FOR OFFERS AND UPDATES +91-98969 38427

SCAN TO GET LOCATION

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.